# कार्यालय प्राचार्य, रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

(शासन द्वारा स्वशासी घोषित)


दूरभाष : 07662-233478
फैक्स : 07662-233669
बेबसाइट : http://www.recrewa.ac.in
ई–मेल : principalrecrewa@rediffmail.com


क्रमांक / स्था–2 / 2017 / दिनांक

**निःशक्तजनों के लिये आरक्षित पदों की पूर्ति हेतु विशेष भरती अभियान**

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि –दिनांक 12.06.2017 अपरांह 05.30 तक**
**वाक्–इन–इंटरव्यू की अंतिम तिथि –दिनांक 13.06.2017 पूर्वान्ह 12.00 बजे से**

म0प्र0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के ज्ञाप कमांक / एफ–8–2 / 2013 / आ.प्र. / 1 भोपाल दिनांक 30 जून 2014 तथा संचालक तकनीकी शिक्षा म0प्र0 भोपाल के पत्र कमांक / 3 / स्था / डी / 2014 / 1002, भोपाल दिनांक 17.07.2014 एवं म0प्र0 शासन तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के ज्ञाप कमांक 2115 / 2363 / 2013 / ब्यालिस 2 / भोपाल दिनांक 15 सितम्बर 2014 एवं संचालक तकनीकी शिक्षा म0प्र0 भोपाल के ज्ञाप कमांक 3 / स्था / डी / 2014 / 1461 भोपाल दिनांक 25.09.2014 एवं म0प्र0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र कमांक / एफ–8–2 / 2013 / आ.प्र. / एक भोपाल दिनांक 17.01.2017 के परिपालन में निःशक्तजनों के लिये आरक्षित पदों की पूर्ति हेतु इंजीनियरिंग महाविद्यालय रीवा में संस्था की सोसायटी के स्वशासी के अंतर्गत निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से वाक–इन–इंटरव्यू हेतु दिनांक 12.06.2017 को 5.30 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। तत्पश्चात् आवेदन पत्र में संलग्न दस्तावेजों की समिति द्वारा स्कूटनी जांच व समीक्षा की जावेगी तथा दिनांक 13.06.2017 को अपरांह 12.00 बजे से समिति द्वारा वाक्–इन–इंटरव्यू लेना प्रारंभ किया जायेगा।

आवेदन पत्र, नवीन पासपोर्ट साइज की फोटो, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, जाति निवास एवं रोजगार कार्यालय का जीवित पंजियन का प्रमाण–पत्र तथा निःशक्तजन का मूल प्रमाण–पत्र साथ में लाना अनिवार्य है एवं इन सभी अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि आवेदन के साथ संलग्न करना भी अनिवार्य होगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य सेवा शर्तें संस्था की बेबसाइट http://www.recrewa.ac.in पर उपलब्ध है।

| क्र0 | श्रेणी | अस्थि वाधित | | दृष्टि वाधित | | श्रवण वाधित | | वेतनमान | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | चिन्हांकित पद की संख्या | चिन्हांकित पद का नाम | चिन्हांकित पदों की संख्या | चिन्हांकित पदों का नाम | चिन्हांकित पदों की संख्या | चिन्हांकित पदों का नाम | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | तृतीय | 01 | मानचित्रकार | – | – | – | – | 5200-20200+2400 | पृथक से संलग्न है। |
| 2 | तृतीय | – | – | – | – | 01 | यंत्र सुधारक | 5200-20200+2400 | पृथक से संलग्न है। |
| 3 | तृतीय | 01 | स्टेनो टाइपिस्ट | – | – | – | – | 5200-20200+1900 | पृथक से संलग्न है। |
| 4 | चतुर्थ | 01 | प्रयोगशाला परिचारक | – | – | – | – | 4440-7440+1300 | पृथक से संलग्न है। |

प्राचार्य
रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय
रीवा (म0प्र0)

# रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय रीवा (म0प्र0)

## शैक्षणिक योग्यता

1— **मानचित्रकारः—**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / मण्डल से सिविल / मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल इंजी. में प्रथम श्रेणी के पत्रोपाधि या समकक्ष पत्रोपाधि तथा आटो काड और स्टड प्रशिक्षित उम्मीदवार को उपर्युक्त शैक्षणिक योग्यता के साथ प्राथमिकता।

2— **यंत्र सुधारकः—**विद्युत उपकरण (इलेक्ट्रानिक्स स्टूमेंट) तथा उपकरण की मरम्मत तथा सर्विस सूक्ष्मता (प्रिंसिशन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का सक्षमता प्रमाण पत्र तथा इस व्यवसाय में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव

3— **स्टेनो टाइपिस्टः—**

अ. **शैक्षणिक योग्यताः—** 10+2 हायर सेकण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण तथा शासन द्वारा मान्यता प्राप्त निम्न संस्था में से किसी एक का कम्प्यूटर डिप्लोमा

ब. **कम्प्यूटर डिप्लोमाः—**1 यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा

2 यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा

3 डी0 ओ0 ई0 ए0 सी0 सी0 से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा

4 शासकीय पोलीटेकनिक कालेज से मार्डन आफिस मैनेजमेंट कोर्स

5 राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् नई दिल्ली अथवा राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् म0प्र0 द्वारा प्रदत्त 01 वर्षीय कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिग असिस्टेंट प्रमाण पत्र।

स—**हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा** :—म0प्र0 शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन की परीक्षा उत्तीर्ण अथवा म0प्र0 व्यवसायिक परीक्षा मण्डल से 30 शब्द प्रति मिनट की गति से कम्प्यूटर परीक्षा उत्तर्ण।

द—**शार्टहैण्ड में 80 शब्द प्रति मिनट की गति से लिखने की क्षमता का प्रमाण पत्र**

4— **प्रयोगशाला परिचारकः—** कक्षा 10 विज्ञान विषयों के साथ उत्तीर्ण।

**प्राचार्य**
**रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय**
**रीवा (म0प्र0)**

# विज्ञापन की शर्ते

1. रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।
2. आयु न्यूनतम 18 से 40 वर्ष एवं अधिकतम 10 वर्ष की छूट (शासन के नियमानुसार)
3. आवेदक को म0प्र0 का मूल निवासी होना चाहिए।
4. शासकीय सेवा में कार्यरत कर्मचारी को अपने आवेदन पत्र में नियुक्तिकर्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
5. साक्षात्कार में पात्रताधारी अभ्यार्थी को नियमानुसार यात्रा भत्ता रेल/बस का टिकट प्रस्तुत करने पर देय होगा।
6. उम्मीदवार का चयन साक्षात्कार वाक–इन–इंटरव्यू द्वारा किया जावेगा।
7. साक्षात्कार के समय समस्त शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता का मूल प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।
8. विज्ञापित पदों पर नियुक्ति का अधिकार संस्था की सोसायटी का होगा।
9. आवेदन पत्र में अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न की जावे।
10. आवेदन पत्र व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर 12.06.2017 तक जमा किये जा सकेगें। साथ ही डाक से भी भेजे जा सकते हैं। तत्पश्चात् दिनांक 13.06.2017 को अपरांह 12.00 बजे से साक्षात्कार लिया जावेगा।
11. नियुक्ति 2 वर्षों के लिये परिवीक्षा पर होगी।
12. चयनित उम्मीदवारों को वेतन भत्तों एवं अन्य सुविधाओं का भुगतान स्वशासी संस्था के नियमों के अंतर्गत होगा। स्वशासी संस्था के लिये सेवा भरती नियम शासन के विचाराधीन है। जो नियम प्राप्त होगें, वह स्वशासी संस्था में नियुक्त कर्मचारियों के लिये लागू होगें।
13. लिफाफे के उपर पद के नाम का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया जावे।
14. प्रत्येक पद हेतु आवेदन पत्र पृथक–पृथक जमा करने होगें।
15. आदिम जनजातियों के लिये विशेष उपबंध–यदि आवेदक जिला श्योरपुर, मुरैना, दतिया, ग्वालियर, भिण्ड, शिवपुरी, गुना में तथा अशोक नगर में सहारिया, जनजाति जिला मण्डला, डिंडोरी, शहडोल, उमरिया, बालाघाट तथा अनूपपुर में वैगा जनजाति एवं छिदवाडा में तामिया, विकास खण्ड में भारिया जनजाति का है, आवेदित पद हेतु योग्यता रखता है एवं आवेदन करता है, तो उसे भर्ती से संबंधित प्रकिया का अनुशरण किये बिना उक्त पद पर नियुक्ति किया जा सकेगा। साथ ही कीर, मीना एवं पारसी को भी नियमानुसार नियुक्ति में प्राथमिकता होगी।
16. एससी, एसटी एवं ओबीसी के अभ्यार्थियों को अर्हक अंकों में 10 प्रतिशत की छूट रहेगी।
17. नियुक्त के लिये निःशक्त मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी निःशक्त प्रमाण पत्र का प्रतिशत शासन के नियमानुसार होगा। जिसमें न्यूनतम 40 प्रतिशत मान्य किया गया है।
18. रोजगार कार्यालय के जीवित पंजियन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

कमशः......................2

19. जिस आवेदक की दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, वह नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा, परंतु यदि कोई आवेदक जिसकी पहले से 01 जीवित संतान है तथा आगामी प्रशव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ, जिसमें दो या दो से अधिक संतानों का जन्म होता है तो वह किसी भी सेवा में या पद पर नियुक्ति के लिये निर्हरित नहीं होगा।
20. रीवा इंजीनियरिंग कालेज रीवा को वर्ष 1997 से शासन द्वारा स्वशासी घोषित किया गया है। अतः नियुक्ति अभ्यार्थियो की सेवायें म0प्र0 शासन तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग भोपाल के ज्ञाप कमांक 392/2491/2005/42–1, भोपाल दिनांक 01.03.2006 के अनुसार स्वशासी के अंतर्गत रहेगी।
21. अपूर्ण आवेदन पत्र निरस्तीकरण योग्य होगें।
22. पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों के आधार पर मैरिट सूची तैयार की जावेगी।
23. साक्षात्कार की तिथि तक वांछित योग्यता अनिवार्य होगी।
24. चयन के लिये किसी भी स्तर पर अथवा चयन के पश्चात् अनर्ह पाये जाने पर उम्मीदवारी एवं चयन समाप्त किया जा सकेगा।
25. जिस आवेदक का विवाह निर्धारित आयु (पुरूष के लिये 21 एवं महिला के लिये 18 वर्ष) से पूर्व कर लिया होगा, उसे उक्त पद हेतु अयोग्य माना जावेगा।
26. बिना किसी पूर्व सूचना के चयन प्रकिया को स्थगित अथवा निरस्त करने का अधिकार संस्था की सोसायटी/प्राचार्य का होगा।
27. चयन/नियुक्ति में संस्था की सोसायटी/प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।
28. राज्य शासन के आधीन दिनांक 01 जनवरी 2005 को अथवा उसके बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को परिभाषित अंशदान प्रणाली लागू होगी।
29. आवेदन पत्र पर लगाई गई स्वयं की फोटो पर हस्ताक्षर किया जावे।
30. निःशक्त आवेदकों को शासन द्वारा निर्धारित चिकित्सा मण्डल/चिकित्सक/निःशक्तजनों के विशेष रोजगार कार्यालय एवं पुनर्वास कार्यालय के साथ संबद्व मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया मेडिकल प्रमाण पत्र (निःशक्तता प्रमाण पत्र) संलग्न करना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात् इसकी जांच कराई जावेगी।

12.05.17

प्राचार्य
रीवा इंजीनियरिंग महाविद्यालय
रीवा (म0प्र0)

# आवेदन–पत्र का प्रारूप

प्रति,

प्राचार्य,
रीवा इंजीनियरिंग कालेज,
रीवा (म0प्र0)।

नवीन फोटो

विषयः– निःशक्तजनों की नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र।

++

1– आवेदित पद का नाम ..........................................................
2– आवेदक का नाम ..........................................................
3– पिता का नाम ..........................................................
4– जन्मतिथि (प्रमाण पत्र संलग्न करें) ..........................................................
4– स्थाई पता ..........................................................
5– पत्र व्यवहार का पता ..........................................................
6– कान्टेक्ट नं. ..........................................................
7– जाति एवं उपजाति ..........................................................
8– बिकलांगता का प्रकार ..........................................................
9– बिकलांगता का प्रतिशत ..........................................................
10– रोजगार कार्यालय जीवित पंजियन क0 ..........................................................
11– शैक्षणिक योग्यता

| क0 | उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/वि.वि. | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12– अन्य योग्यता
13– अनुभव (जहां लागू हो)

**आवेदक के हस्ताक्षर** ..............................
**आवेदक का नाम** ..............................

## घोषण–पत्र

मैं.......................................आत्मज.......................................घोषित करता हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार जो जानकारी दी गयी है, वह एवं जो अभिलेख संलग्न किये गये हैं, वे वह पूर्ण रूपेण सत्य है। जानकारी असत्य पाये जाने/संलग्न अभिलेख सत्यापन के फलस्वरूप गलत पाये जाने पर पर मेरे विरूद्व नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार प्राचार्य को होगा, इसकी संपूर्ण जिम्मेवारी मेरी होगी।

मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि नियुक्ति होने पर केवल आपके आधीनस्थ कार्य करूंगा (अन्यत्र नहीं) यदि पाया गया कि मैं दो स्थानों पर सेवा कर रहा हूँ तो मेरे विरूद्व धोखा–धडी का केश दर्ज किया जा सकता है, इसके लिये मैं पूर्णरूपेण उत्तरदायी रहूँगा।

**आवेदक के हस्ताक्षर** ..............................
**आवेदक का नाम** ..............................

प्राचार्य
रीवा इंजीनियरिंग कालेज
रीवा (म0प्र0)